**खबर संक्षेप**

## आस्था इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल टेक्नोलॉजी का भौतिक निरीक्षण



**मण्डला।** अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती सोनल सिडाम ने जिले में संचालित शैक्षणिक संस्थानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आस्था इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल टेक्नोलॉजी, मंडला का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कोरी एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री अहाके ने संस्थान का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में उपलब्ध शैक्षणिक व्यवस्थाओं, प्रयोगशालाओं, उपकरणों, स्टाफ की उपलब्धता एवं छात्रों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संस्थान प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए गुणवत्ता मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए। प्रशासन द्वारा इस प्रकार के निरीक्षणों के माध्यम से जिले में संचालित शैक्षणिक संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## 15 एवं 16 मई को रामनगर में आयोजित होगा 'आदि उत्सव'

**मण्डला।** मंडला जिले के रामनगर में हर साल की भांति इस वर्ष भी आदि उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय आयोजन 15 और 16 मई को आयोजित होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियों की रूपरेखा पर चर्चा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने गोलमेज कक्ष में की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद श्री कुलस्ते ने कार्यक्रम से जुड़े हर एक पहलू पर चर्चा की। कार्यक्रम की प्रारंभिक तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय परंपराओं, कला-संस्कृति और विरासत को जन-जन तक पहुँचाना है। अधिक से अधिक नागरिक इस उत्सव में सहभागी बनें, इसके लिए प्रचार-प्रसार को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर-एसपी ने चुटका के ग्रामीणों के साथ किया संवाद

# ग्रामीणों ने कलेक्टर से साझा की समस्यायें





*** कलेक्टर की सहज शीलता ने मोहा मन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

चुटका परमाणु परियोजना को लेकर प्रशासन ने जनसंवाद को और मजबूत करते हुए नारायणगंज एवं चुटका क्षेत्र के ग्रामीणों से सीधे मुलाकात की। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने चुटका गांव पहुंचकर ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर खुली चर्चा की, जिससे संवाद का माहौल सहज और भरोसेमंद बना।

इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने भूमि अधिग्रहण, मुआवजा (अवार्ड) वितरण, विस्थापन और पुनर्वास से जुड़ी अपनी आशंकाएं और सवाल रखे। उन्होंने मुआवजे की पारदर्शिता, पुनर्वास स्थल की सुविधाओं तथा आजीविका के विकल्पों को लेकर चिंता जताई।

कलेक्टर श्री धोटे ने सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि शासन की मंशा पूरी तरह जनहित में है और प्रत्येक प्रक्रिया नियमों के तहत पारदर्शिता के साथ पूरी की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पात्र परिवार के साथ अन्याय नहीं होगा और सभी को नियमानुसार उचित मुआवजा एवं विस्थापन पैकेज दिया जाएगा।

उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक प्रभावित परिवार से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें अवार्ड, पुनर्वास नीति, प्लॉट आवंटन, बुनियादी सुविधाओं एवं अन्य लाभों की पूरी जानकारी समझाएं, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने।

पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने भी ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पूरी प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए उनकी सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि नवनिर्मित पुनर्वास कॉलोनी को बेहतर सुविधाओं, पेयजल, सड़क, बिजली, स्कूल एवं स्वास्थ्य सेवाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे प्रभावित परिवारों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करें, ताकि विकास कार्य समयबद्ध रूप से पूरे हो सकें। संवाद के अंत में अधिकारियों ने ग्रामीणों की शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया और आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार सीधे संवाद के माध्यम से समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम श्री सीएल वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित थे।





# मंडला-निवास सड़क पर बढ़ रहे हादसे



*** अदृश्य ब्रेकर बन रहे जानलेवा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के मंडला-निवास मुख्य मार्ग पर बम्होरी से लेकर बकौरी तक बनाए गए स्पीड ब्रेकर अब लोगों की सुरक्षा के बजाय हादसों का कारण बनते जा रहे हैं। इस मार्ग पर करीब 10 से अधिक ब्रेकर बनाए गए हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इनमें से अधिकांश पर कोई चेतावनी संकेत या पेंटिंग नहीं की गई है। इसके चलते वाहन चालकों को दूर से ब्रेकर दिखाई नहीं देते और अचानक सामने आने पर नियंत्रण खो बैठते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क डामर की होने के कारण ब्रेकर और सड़क का रंग लगभग एक जैसा हो गया है, जिससे खासकर रात के समय या तेज गति में चलने वाले वाहनों को ब्रेकर का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। नतीजतन, आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, जिनमें कई लोग घायल भी हो चुके हैं।

बाहरी क्षेत्रों से आने वाले वाहन चालक इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें रास्ते की जानकारी नहीं होने के कारण वे सामान्य गति में वाहन चलाते हैं और अचानक ब्रेकर आने पर गाड़ी संभालना कठिन हो जाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह लापरवाही प्रशासन की ओर से बरती जा रही है, जो किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।

ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि इन ब्रेकरों पर जल्द से जल्द सफेद पेंट, रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेत लगाए जाएं, ताकि दूर से ही वाहन चालक सतर्क हो सकें। साथ ही, आवश्यक स्थानों पर संकेत बोर्ड भी लगाए जाने चाहिए।

यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो ये अदृश्य ब्रेकर किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह इस ओर तुरंत ध्यान देकर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

## पीडब्लूडी की सड़कों के पेंचवर्क और वीसी रूम के मामले की दोबारा होगी जांच

*** तत्कालीन कलेक्टर कर चुके आदेश, तीन सदस्यीय टीम को 15 दिवस देना होगा प्रतिवेदन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोक निर्माण विभाग में सड़क निर्माण पुलिया मरम्मत अन्य कार्यो के कई घोटाले है लेकिन गत वर्ष 2025 में रैनी सीजन के बाद 70 लाख रूपए से सड़को के पेंचवर्क और 2.32 हजार से तीन विधायको के यहां वीसी रूम निर्माण का मामला प्रशासन ने संज्ञान लेकर जांच कराया। चार सदस्यीय टीम ने गत फरवरी माह जांच प्रतिवेदन सौंपा। इस पर सम्बधितो को नोटिस जारी किए गए लेकिन नोटिस के जबाब मिलने के बाद जांच प्रतिवेदन ही सवालो के घेरे में आ गया। तत्कालीन कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा उक्त मामले में कार्रवाई नहीं करते हुए पूरे मामले की दोबारा जांच के आदेश जारी कर दिए। अब तीन सदस्यीय जांच दल बनाया गया। जो 15 दिवस के अंदर नए सिरे जांच कर रिपोर्ट सौंपेगे। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग में सड़को के पेचवर्क कार्य और विधायको के वीसी रूम निर्माण की शिकायत दिसंबर 2025 में की गई। इस पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र सिंह के तकनीकी,प्रशासनिक कार्यपालिक दंण्डाधिकारी, वित्त विभाग के अधिकारी को शामिल किया। करीब दो माह के बाद मौका निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट बनाई गई और कार्रवाई के लिए जिला कलेक्ट्रेट में सौंप दी गई।

जांच रिपोर्ट पर तत्कालीन कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा पीडब्लडी के कार्यपालन यंत्री मंडला, उपयंत्री विशाल उइके, एसडीओ निवास दीपिका तेकाम और बिछिया एसडीओ को नोटिस जारी किए गए। जबाब में सभी अधिकारियो ने एक सा जबाब बनाकर प्रस्तुत किया गया। जबाब में कहा गया है कि जांच अधिकारियो ने उनके समझ कोई जांच नहीं की है। इसके बाद पूरा मामला ही बदल गया। कलेक्टर को सौंपी गई जांच रिपोर्ट में सवाल खड़े हो गए है।

पीडब्लूडी की जांच में अधिकारी एसडीएम सोनल सिडाम का कहना है कि सड़क व निर्माण कार्यो की जांच के दौरान उपयंत्री पूरे समय साथ में रहा है। उपयंत्री के द्वारा सड़को का दिखाया गया। आरईएस कार्यपालन यंत्री गीता आर्मो का कहना है कि उपयंत्री ने टिकारिया से चुटका मार्ग चैनेज 7752 नाले पर एव टिकारिया से निवास बालई नदी के पुल कराए गए कार्य स्थल निरीक्षण कराया है। इस दौरान के कुछ फोटोग्राफ्स भी है। कलेक्टर के समक्ष गलत व भ्रामक जबाब प्रस्तुत किया गया। बताया गया है कि जांच रिपोर्ट में अधिकारियो के द्वारा जांच के समय का पंचनामा नहीं लगाया गया।

पीडब्लूडी विभाग के एक करोड़ रूपए से कम के कार्यो की जांच और कार्रवाई में चार माह का समय निकल गया। जांच रिपोर्ट में बड़ी अनियमिता सामन आई। इसके बाद उसी मामले की दोबारा जांच के आदेश तत्काली कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा 6 अप्रैल 2026 को जारी किए है। इसमें जांच अधिकारी सयुंक्त कलेक्टर एस घोरमारे, कार्यपालन यंत्री पीआईयू पारस सिंह,सहायक कोषालय अधिकारी नोखेलाल मर्सकोले को बनाया गया।

## नारायणगंज में एसडीएम कोर्ट लगाने की मांग

*** अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



विकासखंड नारायणगंज के स्थानीय अधिवक्ता संघ ने नारायणगंज क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को देखते हुए मंडला जिला कलेक्टर को एक आवेदन सौंपा है। इस आवेदन के माध्यम से मांग की गई है कि सप्ताह में कम से कम एक दिन एसडीएम कोर्ट का संचालन नारायणगंज में ही किया जाए। बताया गया कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार एसडीएम कोर्ट निवास में संचालित होता है। नारायणगंज तहसील के सुदूर क्षेत्रों से आने वाले पक्षकारों और ग्रामीणों को कोर्ट के काम के लिए 50 से 80 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। अधिवक्ताओं ने बताया कि इतनी दूर जाने के कारण आम जनता के समय और धन दोनों की भारी हानि होती है। अक्सर पूरा दिन यात्रा और कानूनी प्रक्रिया में निकल जाता है, जिससे गरीब ग्रामीणों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। अधिवक्ता संघ ने जनहित में मांग की है कि प्रशासनिक सुविधा को देखते हुए शीघ्र ही नारायणगंज में कोर्ट लगाने की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता संतोष सोनी, अनिल यादव, आशीष अग्रवाल, देवेन्द्र यादव, राजुल ज्योतिषी, और मृदुकिशोर साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईव्हीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नामदेव धोटे ने गुरूवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला में स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, मंडला एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, निर्वाचन अधीक्षक अरूण, सीके तिवारी उपस्थित रहे।

**कार्यशाला** | **बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश।**

# संरक्षण विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला

*** किशोर न्याय एवं पाक्सो एक्ट पर चर्चा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




मंडला में आयोजित बाल कल्याण एवं संरक्षण विषयक प्रशिक्षण सह कार्यशाला के समापन सत्र में दिए गए। यह कार्यशाला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत आयोजित की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा ने बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को बालकों से संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टीओआर, एसओपी तथा माननीय न्यायालयों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और आदेशों का कड़ाई से पालन करें।

ये निर्देश पुलिस कंट्रोल रूम



कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में बाल कल्याण समिति, जिला मंडला के अध्यक्ष गजेन्द्र गुप्ता ने भाग लिया। उन्होंने देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के पुनर्वास, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, पॉक्सो एक्ट 2012 तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम का विषय प्रवेश उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) श्री सतीश कुमार चतुर्वेदी ने किया, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक श्री रोहित बड़कुल ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागीय समन्वय को मजबूत करना है। इससे संबंधित हितधारकों में संवेदनशीलता बढ़ेगी और कानून की प्रक्रियाओं की बेहतर समझ विकसित होगी।

कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में बाल कल्याण समिति एवं पुलिस की भूमिका, विशेष किशोर पुलिस इकाई के कर्तव्य (टीओआर) तथा गुमशुदा बच्चों से संबंधित एसओपी पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

खुले सत्र में समिति की सदस्य श्रीमती तृप्ति शुक्ला, रंजीत कछवाहा एवं संतोष कुमार यादव ने बालकों के सर्वोत्तम हितों पर विचार साझा किए। प्रतिभागियों ने अपने कार्य में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की। इस अवसर पर कोतवाली मंडला में पदस्थ एएसआई वंदना नाग ने गांधीनगर में आयोजित "शौर्या दीदी" प्रशिक्षण एवं उसके जिला स्तर पर मासिक क्रियान्वयन की जानकारी दी। कार्यशाला में जिले के विभिन्न थानों एवं चौकियों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा पुलिस कंट्रोल रूम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भवन विहीन आंगनवाड़ी केंद्रों को मिलेंगे नये भवन

*** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के प्रयास लाए रंग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश में भवन विहीन आंगनवाड़ी केंद्रों को अब अपने पक्के भवन मिलेंगे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के लगातार प्रयासों के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने मण्डला के लिए 6 आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण को स्वीकृति दे दी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मंत्री संपतिया उइके को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों में उच्च गुणवत्ता की सेवाएं देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### मंत्री श्रीमती उइके की अनुशंसा पर मिली स्वीकृति

मंत्री श्रीमती उइके ने अपने क्षेत्र में भवन विहीन आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए भवन निर्माण की सूची प्रेषित की थी। उनकी अनुशंसा पर संलग्न सूची अनुसार आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत प्रत्येक आंगनवाड़ी भवन की लागत 11.22 लाख रुपये निर्धारित की गई है। ग्राम पंचायत/नगरीय निकायों द्वारा भवनों का निर्माण किया जाएगा।

मंत्री श्रीमती भूरिया ने आग्रह किया है कि स्वीकृत भवनों के निर्माण की नियमित समीक्षा की जाए ताकि कार्य निर्धारित नक्शे और समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा हो।

### क्षेत्र के नौनिहालों को होगा सीधा लाभ

मंत्री श्रीमती उइके के प्रयासों से अब उनके क्षेत्र के नौनिहालों और गर्भवती-धात्री माताओं को आंगनवाड़ी की सभी सुविधाएं बेहतर माहौल में मिल सकेंगी। भवन विहीन केंद्रों की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी, जिस पर मंत्री उइके ने प्राथमिकता से ध्यान दिया।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने विश्वास जताया है कि मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के मार्गदर्शन में आंगनवाड़ी केंद्रों की सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ेगी और जनसहयोग से ये केंद्र और अधिक सुदृढ़ होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तिलईपानी जनपद पंचायत मण्डला**

क्र /ग्रा.पंचा./2026-27/5 दिनांक 22/04/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ग्राम पंचायत तिलईपानी की सामान्य सभा बैठक द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार ग्राम पंचायत अंतर्गत वर्ष 2026-27 के विभिन्न निर्माण कार्यो जैसे नाली निर्माण, सीसी सड़क निर्माण कार्य, मरम्मत कार्य एवं अन्य सभी स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु सीमेंट, रेत, गिट्टी 40 एमएम, 20 एमएम, लोहा 12, 10, 8 एमएम, मुर्रम, ईट क्रय किया जाना है एवं सेटिंग, मिक्शर मशीन, वाईब्रेटर, पानी टेंकर किराये से लिया जाना है। इच्छुक वेंडर/सप्लायर जिसकी जिसकी फर्म का जीएसटी रजिस्टर्ड हो निविदा प्रकाशन दिनांक से 8 दिवस के अंदर कार्यालयीन दिवसों में बंद लिफाफे अपना कोटेशन प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय ग्राम पंचायत तिलईपानी में सम्पर्क करें।

सचिव
ग्राम पंचायत तिलईपानी
जनपद पंचायत मण्डला

सरपंच
ग्राम पंचायत तिलईपानी
जनपद पंचायत मण्डला

## खबर संक्षेप

### संबल योजना में अनियमितता पर ऑपरेटर गिरफ्तार



**डिंडौरी।** जिले की जनपद पंचायत समनापुर में संबल योजना के तहत वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑपरेटर मुकेश मालवीय को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि उन्होंने योजना की राशि में हेराफेरी कर उसे अपने निजी खाते में स्थानांतरित किया।जानकारी के अनुसार योजना की राशि में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर प्रशासन ने जांच प्रारंभ की। जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया गया। थाना समनापुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच जारी रखी है ताकि योजना में हुई अनियमितताओं की पूरी जानकारी सामने लाई जा सके।

### बजरंगढ़ में एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब बिजली आपूर्ति ठप



**अमरपुर।** विद्युत वितरण केंद्र अमरपुर अंतर्गत बजरंगढ़ पिंडरूखी के ग्रामीण पिछले लगभग एक सप्ताह से भीषण गर्मी में बिना बिजली के जीवन यापन करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर 16 अप्रैल को खराब हो गया था जिसकी सूचना विभाग को दी गई लेकिन अब तक सुधार कार्य नहीं किया गया।

बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को पानी और गर्मी से राहत के लिए भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि इस स्थिति में सामान्य जीवन भी प्रभावित हो गया है और वे मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं।

उधर अमरपुर ब्लॉक मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता पहले से ही परेशान हैं। बिजली की अनियमितता के कारण आटा चक्की कंप्यूटर सेंटर फोटोग्राफी फोटोकॉपी और वेल्डिंग जैसे व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं जिससे व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने शीघ्र ट्रांसफार्मर सुधार कर नियमित बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

### बाल विवाह रोकथाम में डिंडौरी प्रशासन सतर्क

**डिंडौरी।** जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार सतर्क और सक्रिय बना हुआ है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में पूरे जिले में जागरूकता और निगरानी अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।इसी क्रम में 23 अप्रैल 2026 को मिली सूचना के आधार पर विकासखंड समनापुर के ग्राम भालापुरी अंतर्गत शिकारी टोला में एक संभावित बाल विवाह को समय रहते रोक लिया गया। सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।




# जल संचय जनभागीदारी अभियान में डिंडौरी देश में प्रथम

**डिंडौरी।** केंद्र सरकार के जल संचय जनभागीदारी अभियान में डिंडौरी जिले ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। राज्यों की रैंकिंग में मध्यप्रदेश को देश में दूसरा स्थान मिला है। यह रैंकिंग जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी की गई है।जल अभावग्रस्त क्षेत्र होने के बावजूद डिंडौरी की यह उपलब्धि विशेष महत्व रखती है। जिले में अब तक एक लाख तेईस हजार से अधिक जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है जो देश में सर्वाधिक है। वहीं खंडवा जिले में सत्तासी हजार से अधिक संरचनाएं बनाई गई हैं। राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी अवि प्रसाद ने बताया कि केंद्र सरकार के डैशबोर्ड के माध्यम से प्रदेश में संचालित कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है। प्रदेश में अब तक तीन लाख सत्तानवे हजार से अधिक वर्षा जल संरक्षण संरचनाएं निर्मित की जा चुकी हैं। राज्यों की सूची में आंध्रप्रदेश चार लाख सत्ताईस हजार संरचनाओं के साथ प्रथम तथा छत्तीसगढ़ तीन लाख नब्बे हजार संरचनाओं के साथ तृतीय स्थान पर है।डिंडौरी जिले में जल संचय को बढ़ावा देने के लिए बोरवेल रिचार्ज सिस्टम रिचार्ज शाफ्ट रूफटॉप वर्षा जल संचयन जलाशयों एवं गड्ढों के पुनर्जीवन जैसे कार्य व्यापक स्तर पर किए जा रहे हैं। विभिन्न संस्थाओं संगठनों तथा आम नागरिकों को जल संरक्षण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जनजागरूकता और शिक्षा के माध्यम से पानी के संरक्षण तथा उसके समुचित उपयोग को लेकर अभियान संचालित किया जा रहा है। इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल का संचयन कर भविष्य में जल संकट से राहत मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि डिंडौरी जल अभावग्रस्त क्षेत्र है और यहां प्रत्येक व्यक्ति पानी का महत्व समझता है। विभिन्न विभागों के समन्वय से गांव गांव में रिचार्ज पिट सोख पिट और खेत तालाब जैसी संरचनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में अभी और व्यापक कार्य किए जाने की आवश्यकता है।अभियान का मुख्य संदेश है जहां गिरे जब गिरे वर्षा का जल संचित करें।

# 20 दिवसीय बाल सह युवा नाट्य कार्यशाला का भव्य समापन



**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल संस्कृति विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित 20 दिवसीय बाल सह युवा नाट्य कार्यशाला का भव्य समापन समारोह मेकलसुता महाविद्यालय डिंडौरी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन आदिरंग समिति डिंडौरी द्वारा किया गया। समारोह में जिला कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जबलपुर विवेचना रंगमंडल से वरिष्ठ रंगकर्मी आशुतोष द्विवेदी विवेक पांडे संतोष राजपूत तथा नाट्य विद्यालय के कार्यशाला प्रवेक्षक दावेंदर सिंह ग्रोवर की विशेष उपस्थिति रही। विद्यालय एवं महाविद्यालय के स्टाफ और बड़ी संख्या में दर्शक भी समारोह में शामिल हुए।मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल संस्कृति विभाग द्वारा आदिरंग समिति डिंडौरी का चयन कर यह कार्यशाला आयोजित कराई गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों और युवाओं को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारना रहा।कार्यशाला में सेंट एंजल हायर सेकेंडरी विद्यालय के बालक और युवाओं को निर्देशिका सुश्री वंदना मानिकपुरी वरिष्ठ रंगकर्मी मनीष तिवारी कमलेश यादव और सत्यम मानिकपुरी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को नृत्य नाट्य और गायन की विधाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।समापन अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा नाटक नृत्य और गायन की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं जिन्हें दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम में युवाओं में उत्साह और हर्ष का वातावरण देखने को मिला। आदिरंग समिति डिंडौरी का यह प्रयास जिले के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक माना जा रहा है।



# कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने ली निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में निर्माणाधीन विभागों की विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रमुख विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए उनकी वर्तमान स्थितिए गुणवत्ता और समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही साथ 30 अप्रैल तक निर्माण कार्यों की प्रगति एवं पूर्ण कार्यों की फोटोग्राफ्स जियोटेग के साथ पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए खेत तालाबए सोख पिट और अन्य जल संचयन संरचनाओं का तेजी से निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के माध्यम से वर्षा जल को अधिक से अधिक रोका जा सकेगाए जिससे भूजल स्तर में सुधार होगा और आने वाले समय में जल संकट से राहत मिलेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप सभी योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिएए ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में लोक निर्माण विभागए परियोजना क्रियान्वयन इकाईए हाउसिंग बोर्डए जनजातीय कार्य विभागए खनिज विभागए राजस्व विभागए जल संसाधन विभागए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाए शिक्षा विभागए महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी विभागों से उनके.अपने निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

# अमरपुर में समाधान योजना के तहत घर घर पहुंचकर दी जा रही जानकारी



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी समाधान योजना के अंतर्गत अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता डिंडौरी के निर्देशानुसार अमरपुर वितरण केंद्र द्वारा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत विद्युत विभाग की टीम द्वारा घर.घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही हैं। साथ ही बकाया बिजली बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन उपभोक्ताओं द्वारा बकाया बिल का भुगतान नहीं किया गया हैं। उनके विद्युत कनेक्शन नियमानुसार विच्छेदित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में रात्रि के समय विशेष जांच अभियान चलाया गया। जिसमें यह पाया गया कि कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बकाया होने के बावजूद काटी गई। लाइन को पुनः जोड़कर विद्युत उपयोग किया जा रहा हैं। ऐसे मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत पंचनामा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की हैं कि वह समाधान योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया बिल का शीघ्र भुगतान करें। ताकि किसी भी प्रकार की कार्यवाही से बचा जा सके।

# ग्रीष्मकालीन खेल शिविर आरोह 2026 पांच मई से शुरू

**डिंडौरी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का आयोजन पांच मई से पांच जून 2026 तक किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन के लिए 22 अप्रैल 2026 को जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद अहमद खान के मार्गदर्शन में इंडोर स्टेडियम में बैठक आयोजित की गई।बैठक में विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि और प्रशिक्षक उपस्थित रहे।**

इस दौरान शिविर के संचालन खिलाड़ियों की अधिकतम सहभागिता और विभिन्न खेल गतिविधियों के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। शिविर के अंतर्गत जिला मुख्यालय डिंडौरी में वॉलीबॉल एथलेटिक्स बास्केटबॉल और कराते का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विकासखंड स्तर पर भी खेल गतिविधियां संचालित होंगी। विभाग के निर्देशानुसार शहपुरा में कबड्डी और फुटबॉल मेंहदवानी में कबड्डी और वॉलीबॉल करंजिया में कबड्डी और फुटबॉल अमरपुर में वॉलीबॉल और कबड्डी बजाग में कबड्डी और वॉलीबॉल तथा समनापुर में खो खो और वॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।शिविर का उद्देश्य जिले के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना शारीरिक दक्षता बढ़ाना और खेल भावना के साथ उनके शारीरिक मानसिक और नैतिक विकास को प्रोत्साहित करना है। बैठक में सभी प्रशिक्षकों समन्वयकों और विभागीय स्टाफ ने आरोह 2026 को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने सभी युवा खिलाड़ियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अवसर का लाभ उठाएं। बैठक में चेतराम अहिरवार आरती सोंधिया सुनीता धुर्वे लक्ष्मी बनावल नारायण मरावी कैलाश रजक सुखना सिंह पन्द्राम रोशन बाबू झारिया राजकुमार धुर्वे सहित अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



# सुनियामार और पिपरिया में डॉ भीमराव अम्बेडकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित सिकल सेल और एनसीडी जांच पर जोर




**डिंडौरी।** जिले में आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम सुनियामार और पिपरिया में डॉण भीमराव अम्बेडकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में किया गया।शिविर का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डे और जिला समन्वयक आरकेएसके आरबीएसके ओमप्रकाश उरैती ने किया। इस दौरान अधिकारियों ने विकासखंड बजाग और समनापुर का भ्रमण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। ब्लॉक समनापुर में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉण प्रेम सिंह कुशराम सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा जांच और परामर्श की सुविधा दी गई।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डे ने सिकल सेल और गैर संचारी रोग एनसीडी की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोगों की समय पर जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार और परामर्श उपलब्ध कराया जाए।उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने और अधिक से अधिक लोगों तक शिविर का लाभ पहुंचाने पर भी जोर दिया। यह स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

# उत्कृष्ट विद्यालय शाहपुरा के प्राचार्य पर गंभीर आरोपए कार्यकर्ता को फंसाने की साजिश की चर्चा

**डिंडोरी।** जिले के शिक्षा विभाग में इन दिनों कथित भ्रष्टाचार और अंदरूनी खींचतान को लेकर माहौल गरम है। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालयए शाहपुरा के प्राचार्य एक बार फिर विवादों में हैं। ताजा मामला सूचना का अधिकार ;त्ज्प्द्ध के तहत मांगी गई जानकारी को रोकने और जानकारी मांगने वाले कार्यकर्ता को कथित रूप से झूठे मामलों में फंसाने की साजिश से जुड़ा बताया जा रहा है।विभागीय सूत्रों के अनुसारए प्राचार्य अपने राजनीतिक प्रभाव का हवाला देकर अधीनस्थ संकुल प्राचार्यों को अपने पक्ष में संगठित करने में जुटे हैं। चर्चा यह भी है कि कुछ अधिकारियों पर दबाव बनाकर त्ज्प् कार्यकर्ता के खिलाफ शिकायतें तैयार करवाई जा रही हैं। वहींए विभाग के निष्पक्ष अधिकारियों का कहना है कि यदि संस्थान का कामकाज पारदर्शी हैए तो सूचना देने में हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए।प्राचार्य का नाम पहले भी विवादों में रह चुका है। वर्ष 2014.15 में मेधावी छात्र लैपटॉप योजना के तहत नियमों के विपरीत अपनी पुत्री को 25ए000 का लाभ दिलाने का मामला सामने आया था। जांच में पाया गया कि उनकी पुत्री कोटा में कोचिंग कर रही थीए जबकि दस्तावेजों में उसे स्थानीय विद्यालय में उपस्थित दिखाया गया। जांच के बाद राशि शासन को वापस जमा कराई गई थीए जिससे यह मामला पहले ही सुर्खियों में आ चुका है। त्ज्प् कार्यकर्ता मनीष साहू ने आरोप लगाया है कि विद्यालय में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी जानकारी मांगी गई हैए जिसे जानबूझकर रोका जा रहा है। उनका कहना है कि भ्रष्टाचार उजागर होने के डर से उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।इस पूरे प्रकरण में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की चुप्पी भी सवाल खड़े कर रही है। एक ओर शासन पारदर्शिता की बात करता हैए वहीं दूसरी ओर सूचना मांगने वाले को ही निशाना बनाए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। उधरए नगरवासियों में भी इस मामले को लेकर आक्रोश है और उन्होंने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इन गंभीर आरोपों पर क्या कार्रवाई करता है या मामला यूं ही दबकर रह जाता है।



## खबर संक्षेप

### मनाया जा रहा नारी शक्ति बंधन पखवाड़ा



तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है।जिसमें तेंदूखेड़ा ढिलवार मदनपुर मनकापुर केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा किशोरी बालिकाओं और गर्भवती माताओं की गोद भराई कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें दसवीं और बारहवीं कक्षाओं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरण किये गये इनमें चारू जैन 97 राजुल नायक 96 आदित्य सोनी 83 रिचा 90 प्रतिशत को सम्मनित किया गया ।इस मौके पर में प्रभारी परियोजना अधिकारी राजेश्वरी मेहरा पर्यवेक्षक कंचन तेकाम ने अपने अपने विचार रखते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लाड़ली लक्ष्मी योजना महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से जानकारी दी। पखवाड़े के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों स्वास्थ्य पोषण और शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

### श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज



नरसिंहपुर। सेवानिवृत्त प्राचार्य महेश पचौरी का विगत 12 अप्रैल को बैतूल में निधन हो गया था। जिनका श्रद्धांजली कार्यक्रम आज 24 अप्रैल शुक्रवार को शाम 4.30 बजे श्री द्वारका लॉन , कालापाठा रोड बैतूल में आयोजित किया गया है। शोकाकुल परिवार ने सभी परिचितों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। बता दे कि 82 वर्षीय स्व. महेश पचौरी प्रसिद्ध समाजसेवी और आध्यात्मिक व्यक्तित्व वाली सेवानिवृत्त प्राचार्या श्रीमती शंकुतला पचौरी के पति थे। उनकी चार पुत्रियां कनिका, निमिषा, विपाशा और तूलिका हैं। स्व. महेश पचौरी वरिष्ठ पत्रकार संजय पचौरी के बड़े भाई भी थे।

### महिला मंडल सत्तू वितरण किया प्याऊ का शुभारंभ



नरसिंहपुर। पवित्र वैशाख माह की अक्षय तृतीय के अवसर पर भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों की सुविधा हेतु नगर कलार महिला मंडल ने अध्यक्ष श्रीमती सरिता राय के नेतृत्व में चरहाई मंदिर कंदेली में सुंदरकांड पाठ के साथ मंदिर के पुजारी जी से कोरे मटकों का विधि विधान से पूजन करवा कर प्याऊ की शुरुआत की और अक्षय तृतीया के पर प्रसाद स्वरूप सत्तू का वितरण किया। इस पुण्य कार्य के अवसर पर सचिव रिंकी राय, उपाध्यक्ष रेणु जायसवाल, कोषाध्यक्ष कामिनी राय, रौशनी राय की उपस्थिति रही।

### विभाग स्तरीय भाला फेंक में राजेंद्र का द्वितीय स्थान



नरसिंहपुर। सरस्वती शिक्षा परिषद की कार्य योजना अनुसार एकल विभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सिंथेटिक स्टेडियम रांझी स्टेडियम जबलपुर में किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा द्वादश के छात्र राजेंद्र सिंह रजक ने तरुण वर्ग भाला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है प्रतिभागी को उनके पिता सुनील सिंह रजक की उपस्थिति में शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी द्वारा सम्मानित किया गया।

### देवर ने किया भाभी पर हमला

नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र केतवाली के ग्राम कोसमखेड़ा में देवर ने भाभी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला ममता रजक के पुत्र को देवर द्वारा मारा जा रहा था जिसे बचाने गई महिला पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया जिससे वह घायल हो गई ।

# वंदे मातरम रथ यात्रा का हुआ स्वागत









## नारी सशक्तिकरण पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

गत दिवस उत्कृष्ट विद्यालय में नारी सशक्तिकरण एवं वंदे मातरम गीत के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निकाली जा रही यात्रा विद्यालय परिसर पहुँची। संस्था प्राचार्य जी. एस. पटेल व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती गीता विश्वकर्मा उ.मा.शि. द्वारा सभी महिला शिक्षिकाओं का तिलक व पुष्प भेंट कर एवं विद्यालय के छात्रों द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का स्वागत पुष्पहार पहनाकर किया गया। तत्पश्चात संस्था प्राचार्य द्वारा वंदे मातरम गीत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गीत बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित आनंद मठ से लिया गया है एवं 1896 में रवीन्द्र नाथ टैगोर द्वारा इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में गाया इस गीत का स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लोगों को स्वतंत्रता हेतु प्रेरित करने में बहुत बड़ा योगदान रहा है।

### राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी

वंदे मातरम् गीत भारत की स्वतंत्रता, अखण्डता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रथम उद्घोषणा के रूप में जाना जाता है। साथ ही नारी सशक्तिकरण के विषय में आवश्यक जानकारी प्रदान की। संस्था की छात्राओं कु. मोनिका विश्वकर्मा, कु. संस्कृति चौधरी, कु. संस्कृति ठाकुर, रिधिमा पटैल, लीलावती लोधी, दुर्गा चौधरी, शोभानी पटेल, श्रद्धा नेमा कक्षा 09 के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया व कु. श्रीदेवी उपाध्याय द्वारा एक ओजस्वी भाषण के माध्यम से समाज और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सशक्त भागीदारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वंदे मातरम रथ यात्रा रही। इस यात्रा ने विद्यार्थियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का नया जोश भर दिया। वंदे मातरम गीत के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री (महाकौशल प्रांत) सुव्रत जैन, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य संदीप मुस्करया, यात्रा संयोजक सीमांत दुबे, नगर सह मंत्री उत्कर्ष रावत एवं प्रिंस तिवारी की उपस्थिति रही।

### पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री (महाकौशल प्रांत) सुव्रत जैन एवं यात्रा संयोजक सीमांत दुबे द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराते हुए बताया कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि हमारी एकता और स्वतंत्रता संग्राम की वह प्रेरणा है जिसने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात विगत दिवस पृथ्वी दिवस पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अक्षत तिवारी कक्षा 09, द्वितीय स्थान मानवी मेहरा कक्षा 09 तथा तृतीय स्थान पलक मेहरा कक्षा 09 को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रमेश कौरव उ.मा.शि. व कु. रचना लोधी उ.मा शि. के द्वारा किया गया। अंत में आर. एन. रावत उ.मा.शि. द्वारा आभार व्यक्त किया गया एवं कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम राष्ट्रगीत गायन कर किया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के उल्लास में सराबोर हो गया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



सांदीपनि विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एम.व्ही. एम .कॉलेज, भोपाल से सेवानिवृत्त प्राचार्य मिथिलेश मिश्रा उपस्थित रहे। जिला शिक्षा विभाग से ए.डी.पी.सी. विपनेश जैन एवं डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव की विशिष्ट उपस्थिति रही। उद्बोधन के क्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. सुशील दीक्षित ने श्रम के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम के लिए प्रेरित किया। श्रीमती माधुरी गर्ग एवं मनोज वैष्णव ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक मेहनत करने का संदेश दिया। वहीं एडीपीसी विपिनेश जैन ने विद्यार्थियों को आगामी रणनीति के साथ निरंतर उत्कृष्ट परिणाम बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में मिथिलेश मिश्रा ने विद्यार्थियों से चुनौतियों को स्वीकार करने और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। उन्होंने महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि सब कुछ थोड़ा-थोड़ा जानने से बेहतर है कि किसी एक विषय को पूरी गहराई से समझा जाए।

## सहकारी समिति के बनाए जा रहे नये सदस्य



नरसिंहपुर। प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में नवीन सदस्य बनाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले के लगभग 25 हजार नये किसानों को समितियों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बैंक प्रशासक एवं कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से संबद्ध समस्त 104 समितियों में सघन स्तर से जारी है, जिसके तहत गैर सदस्य किसानों की पहचान कर उन्हें समिति का सदस्य बनने के लिये प्रेरित किया जा रहा है इस संबंध में समिति स्तर पर कैम्पों का आयोजन कर एवं पोस्टर तथा पंपलेट के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कर बैंक एवं समिति कर्मी सदस्यों को इस अभियान में जोडने हेतु प्रयासरत है।

## कबाड़ी कारोबारियों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के इतवारा बाजार क्षेत्र में कबाड़ी की दुकान संचालक से कबाड़ के सामने को हटाने की बात पर मारपीट कर दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सतीश पारोची द्वारा मंदिर के सामने रखे कबाड़ी के सामान को हटाने की बात तो अमजद व मोसिन द्वारा युवक के साथ मारपीट कर दिया जिससे वह घायल हो गया जिसका उपचार जिला चिकित्सलय में ज़ारी है।

## मंत्री के भाषण को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामूहिक विवाह सम्मेलन में मंत्री राव उदय प्रताप द्वारा महिला के प्रति अशोभनीय भाषण दिया गया। जिसे लेकर ज्ञापन सौंप कर मामला पंजीबद्ध करने की मांग रखी। उक्त मौके पर बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## बकायेदारों के बिजली कटेंगे कनेक्शन होगी कार्रवाई

नरसिंहपुर। बिजली चोरों पर कड़ी कार्रवाई की जएगी। बिजली कंपनी ने बिजली चोरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसके लिए अब रात्रि कालीन चेकिंग अभियान चल रहा है। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर व्रत अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केन्द्र में समाधान योजना अंतर्गत जिन बकायादारो की विद्युत कनेक्शन काटे जा रहे हैं उनकी सतत निगरानी कर रात में एक विशेष अभियान चलाकर धारा 138 के प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं साथ साथ अवेध रूप से उपयोग करते हुए पकड़े जाने पर या लोड अधिक पाय जाने पर 135/126 अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं।

# महाराज श्री ने किया शताक्षी का विमोचन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद द्वारा प्रकाशित सामाजिक एवं वैवाहिक पत्रिका शताक्षी का विमोचन समारोह अनंत श्री विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के कर कमलों द्वारा सम्पन्न। सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद द्वारा प्रकाशित सामाजिक एवं वैवाहिक पत्रिका शताक्षी का भव्य विमोचन समारोह पी जी कॉलेज ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संजय शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज का विशेष सहयोग रहा। महाराज श्री के आगमन पर महर्षि स्कूल के बटुक ब्राह्मण बालकों ने स्वस्ति वाचन किया संस्था की बहनों ने कलश रख कर पुष्प वर्षा कर महाराज जी का स्वागत किया गया। समारोह का सफल संचालन नंदिता चैबे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा आद्य शंकराचार्य जी भगवान परशुराम जी एवं ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी के तैल चित्रों पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया। परिषद की कार्यकारिणी द्वारा गुरुवर की पादुका पूजन की गई इसके उपरांत शंकराचार्य जी के कर कमलों द्वारा शताक्षी पत्रिका का विमोचन किया गया, तत्पश्चात महाराज श्री के मुख से आशीर्वचन सुने। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी मैथिलीशरण तिवारी, अनंत दुबे, संतोष दुबे गोटेगांव, आदि की उपस्थिति रही।

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा" के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



गोटेगांव।

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक "नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा" मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 22 अप्रैल को नगर पालिका द्वारा संचालित इंदिरा कन्या शाला में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विधायक महेंद्र नागेश, नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतेन्द्र सालवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। महिला सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न योजनाओं—प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं पीएम स्वनिधि—से जुड़ी महिलाओं को जागरूक किया गया।इस पखवाड़े का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ना है।





## भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव *विशाल रैली के साथ हुए विविध कार्यक्रम

तेंदूखेड़ा विगत दिवस सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा शास्त्र और शस्त्र के देवता भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर के मंगल भवन में सभी ब्राह्मणों का एकत्रीकरण कर एक सजीव झांकी के साथ विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से ढोल नगाड़ों अखाड़ों के साथ कलश गार्डन में जाकर मंचीय कार्यक्रम के साथ संपन्न हुई। जिसमें पूर्व विधायक पूर्व विधायक संजय शर्मा दीनदयाल ढ़मोले श्रीमती साधना स्थापक भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा संतोष दुबे ब्राह्मण सभा जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद दुबे नागेंद्र त्रिपाठी देवेंद्र पाठक सहित क्षेत्र के विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तहसील अध्यक्ष मुकेश पुजारी द्वारा स्वागत भाषण एवं युवाओं द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों का शाल श्रीफल पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने संबोधित करते हुए समाज को संगठित होकर एक साथ कार्य करने और एकता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत बताया। समाजों में बिखराव आपसी मनमुटाव के कारण बताये। युवाओं को सही मार्गदर्शन देकर समाज की प्रगति के लिए उनका मार्ग प्रशस्त करना है।आने वाले समय में मंगलभवन के सामने भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने तथा चौराहे का नाम परशुराम चौक रखे जाने की घोषणा की गई। पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोलें ने अपनी बात रखते हुए स्पष्ट किया कि हम ब्राह्मण हैं और हमें अपने ब्राह्मण का दायित्व भली भांति निर्वहन करना होगा हमारी समाज मुख्य समाज है जो अन्य समाजों को शिक्षा दीक्षा देने का कार्य करती हैं। हमारे पूर्वजों द्वारा अपने बच्चों को संस्कृत पाठशाला में पढ़कर उन्हें अपनी कर्मकांड आदि के लिए प्रेरित किया जाता था परंतु वर्तमान समय बदल चुका है।हमें अपने बच्चों को संस्कार बान बनाते हुए अपनी संस्कृति के लिए प्रेरित करना होगा। तेंदूखेड़ा विधानसभा के पूर्व विधायक संजय शर्मा ने कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में जितने भी ब्राह्मण परिवार हैं उन सबको समाज की मुख्य धारा से जोड़ना हम सभी का प्रथम लक्ष्य होना चाहिए।

# शिक्षा मंत्री के बयान पर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने सौंपा ज्ञापन



गोटेगांव

में मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष राजेश चौकसे (पूर्व पार्षद) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।यह ज्ञापन प्रदेश के शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा करेली में सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान दिए गए कथित बयान के विरोध में सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मंत्री के बयान से महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंची है, इसलिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।ज्ञापन सौंपने वालों में कैलाश रजक, बिहारी चांदोरिया, मयंक, राजू, दीपक, गोली सहित अन्य कार्यकर्ता एवं महिलाएं शामिल रहीं।



## श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

गोटेगांव। कायस्थ समाज द्वारा भगवान श्री देव चित्रगुप्त जी का पावन प्रकटोत्सव आज श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री देव शंकर भूतेश्वर मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन से हुई। मंदिर के पुजारीजी ने पूजा संपन्न कराई, जिसमें समाज के समस्त कायस्थ बंधुओं ने सामूहिक रूप से भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। सेवा और सम्मान के क्षणः- श्रीमती स्नेह लता श्रीवास्तव ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। मनोज श्रीवास्तव ने भगवान चित्रगुप्त जी को प्रसाद अर्पित किया। दिनेश श्रीवास्तव ने समाज के चित्रांश बंधुओं के लिए नाश्ते की व्यवस्था की। मेधावी छात्रों का सम्मानकक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रों में शामिल हैं — अंश खरे, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, मान्य श्रीवास्तव, कौस्तुभ श्रीवास्तव, हर्षिता श्रीवास्तव, अमृता श्रीवास्तव, आयुषी श्रीवास्तव। साहित्यकार का सम्मान एवं पुस्तक विमोचन गोटेगांव कायस्थ समाज के गौरव, वरिष्ठ कवि-लेखक शरद श्रीवास्तव की नवीन पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम में विशेष रूप से किया गया। समाज ने उन्हें पुष्पमालाओं से सम्मानित कर हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने भगवान चित्रगुप्त जी के आशीर्वाद की कामना की। समस्त कायस्थ समाज गोटेगांव ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता जताई और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर करने का संकल्प लिया।

### लंबे अरसे से आश्वासनों पर ही टिका नाले निर्माण का मामला

# परिषद अपने पहले दिन से ही नाले निर्माण का मात्र पकडा रही झुनझुना

न्यूज़ करेली





वर्तमान नगर पालिका परिषद द्वारा जब से नगर की कमान संभाली है तब से ही हरर्ई माता मार्ग सिविल अस्पताल के सामने के नाले को बनवाने का मात्र आश्वासन ही देती चली आ रही है और इसके निर्माण के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है जबकि नगर में बीते 3 वर्ष से अधिक समय में इसी परिषद द्वारा सिवाय कंक्रीट बिछाने के अलावा कोई अन्य उत्कृष्ट विकास कार्य नहीं किये गए हैं नगर की जनता आज भी जनता इस नाले निर्माण के इंतजार में है *वर्तमान परिषद को लगभग अपने कार्य काल के 4 वर्ष होनें को है* वर्तमान नगर सरकार द्वारा अब तक के अपने संपूर्ण कार्यकाल में कुछ जरूर की जगह के साथ कुछ गैर जरूरी जगह पर मात्र कंक्रीट के उपयोग से ही होने वाले निर्माण कार्यों को विकास बताकर अपनी पीठ थपथपाने में लगी हुई है जबकि इसी कंक्रीट से मुख्य जगहों के निर्माण कार्य आज भी जस के तस पड़े हुए हैं *सिविल अस्पताल के सामने हरर्ई माता मार्ग के नाले का निर्माण बेहद जरूरी* हरर्ई माता मार्ग से होते हुए डीएम मार्ग से फोर लाइन जोड़ने वाले इस मार्ग पर मौजूद नल का निर्माण अति आवश्यक हो चला है इस मार्ग पर अब आवाज जाहि का दबाव भी अधिक होगया है जब से मार्ग पर सिविल अस्पताल खुली है इसके बावजूद भी करेली नगर पालिका के करता धर्ता इस कर की ओर ध्यान देना भी जरूरी नहीं समझ रहे हैं *कच्चे नाले के कारण स्वच्छता पर भी उठाते हैं सवाल और आम जनता परेशान* बस बरसों से कच्चे नाले के निर्माण की राह तक रहे क्षेत्रीय निवासी कच्चे नाले के कारण बदबू मच्छर गंदगी इत्यादि तो होती ही है सिविल अस्पताल के कारण आवाजाही भी अधिक है इसीलिए इसके खुले रहने से संभावित दुर्घटनाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता है इस क्षेत्र के निवासियों का स्पष्ट कहना है कि इस नाले निर्माण से हम सभी को गंदगी से तो निजात मिलेगी ही साथ ही आवागमन में भी सुविधा होगी क्योंकि इस मार्ग पर नगर का सबसे पुराना धार्मिक स्थान है जहां प्रतिदिन ही लोगों का आना-जाना बना ही रहता है

साथ ही अब तो इसके सामने सिविल अस्पताल भी खुल चुका है जिससे बड़ी तादाद में यहां आमगमन बढ़ गया है इसलिए यह निर्माण अति आवश्यक है क्या नगर पालिका परिषद करेली आम जनता की वर्षों पुरानी यह मांग पूरी करेगा या सिर्फ आश्वासन पर आश्वासन देकर अपना कार्यकाल पूरा कर लेगा *वर्तमान समय में हो रही नाले की सफाई परंतु इसके किनारे लगे पेड़ों को संरक्षित करने की सुध नहीं नगर पालिका को* नगर पालिका द्वारा वर्तमान में इस नाले की सफाई तो कराई जा रही है परंतु स्वच्छता के नाम पर स्वच्छता का ही ध्यान नहीं रखा जा रहा है इससे निकलने वाले मलबे को ही मार्गो पर रख दिया जाता है जिससे मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है साथ ही इसके किनारे लगे पेड़ों को भी संरक्षित करने से नगर पालिका के लोग दूरी ही बनाए रखे हुए है इस नाले की सफाई मशीन से की जा रही है जिससे पेड़ों को भी नुकसान पहुंचने की पूरी पूरी संभावनाएं हैं पर इस पर जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं *नाले का निर्माण शीघ्र होगा यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं जनप्रतिनिधि व अधिकारी* नगर सरकार के वर्तमान अध्यक्ष ने जब अपनी कुर्सी संभाली तब से लेकर आज तक वह इस नाले निर्माण को करने की बात करते आ रहे हैं जल्द ही इसका निर्माण होगा इस पर काम किया जाएगा यह कहते नजर आए हैं जब इसी संबंध में नगर पालिका के अधिकारी से बात करो तो वह इसे एक कदम और आगे बढ़कर बात करते हैं कि शीघ्र ही इसका टेंडर होने वाला है और नल निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा पर ऐसे आश्वासन जाकर आम जनता कब तक अपने सीपहशालारों से सुनती रहेगी क्या आने वाले समय में नगर पालिका इस नल का निर्माण कर पाएगी इस सवाल का जवाब भविष्य की गर्त में छुपा हुआ है।